पेज थ्री
देहरादून
नशामुक्ति समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी।
देहरादून, शनिवार 28 दिसंबर, 2019
पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### नागरिकता संशोधन कानून से असुरक्षा का माहौल उत्पन्न नहीं होगा

**संवाददाता** देहरादून। नैशविला रोड़ स्थित विधायक गणेश जोशी ने के आवास पर आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून से देश के किसी भी व्यक्ति के लिए असुरक्षा का माहौल उत्पन्न नहीं होगा। उन्हानें कहा कि यह सिर्फ बाहर से आने वाले प्रताड़ित हिन्दू, सिख, जैन, पारसी लोगों को सुरक्षा के लिए बनाया गया है। इस कानून से भारत में निवास करने वाले नागरिक का कोई सम्बन्ध नहीं है।

### केंद्रीय विद्यालयों के लिए भूमि आवंटन को लेकर डीएम ने ली बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जनपद में विभिन्न स्थानों पर केन्द्रीय विद्यालयों के लिए भूमि आंवटन सम्बन्धी बैठक का अयोजन कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने केन्द्रीय विद्यालयों के निर्माण हेतु मांग की गई भूमि के आवंटन के सन्दर्भ में राजस्व विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि गोल्डन फोरेस्ट एवं भूमि श्रेणी परिवर्तन के माध्यम से उपलब्ध भूमि की जांच कर ली जाय।

### समिति के पंजीकरण की कार्यवाही तेजी से चलाने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। जनपद में स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, स्नानघाट, नारी निकेतन, वृद्ध आश्रमों, आपदा क्षति एवं मेधावी गरीब बच्चों की शुल्क व्यवस्था जैसे मुख्यमंत्री के मेरा सामाजिक उत्तरदायित्व थीम को मूर्त रूप देने के लिए आदर्श विकास एवं कल्याण समिति के गठन को लेकर जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को समिति के कार्यकारिणी सदस्यों के आधार कार्ड, पदनाम, नाम का तत्काल संग्रहण कर जनपद स्तर पर समिति का पंजीकरण की कार्यवाही तेजी से चलाने के निर्देश।

### भाजपा और कांग्रेस की कुनीतियों के कारण जनता त्रस्त

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल अध्यक्ष दिवाकर भट्ट ने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस के कुनीतियों के कारण उत्तराखंड की जनता त्रस्त है इसलिए जनता इस बात को समझने लग गयी कि राज्य के विकास की अवधारणा को उत्तराखंड क्रान्ति दल ही समझता है। इसी परिपेक्ष श्री भट्ट ने कहा कि दल से अलग हुए लोगो को वाफिस दल से जोड़ना होगा। सभी पुराने साथियो की घर वापसी होगी और दल एकजुट होकर आगे बढ़ेगा।

# किन्नर समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए नयी पहल

**बैठक**

किन्नर समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विचार–विमर्श

समाज की मुख्यधारा में जुड़कर अपना सार्थक योगदान भी दे सकेगा

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में किन्नर समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्य विकास अधिकारी जी.एस रावत ओर कौशल सेवायोजन विभाग के अधिकारियों के द्वारा व्यापक विचार–विमर्श किया गया।

विचार–विमर्श में तय किया गया कि किन्नर समुदाय को स्किल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार हेतु आवश्यक वित्तीय सुविधायें दी जायेंगी, जिससे एक ओर किन्नर समुदाय आत्मनिर्भर बनेगा, दूसरी ओर समाज की मुख्यधारा में जुड़कर अपना सार्थक योगदान भी दे सकेगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित किन्नर समुदाय के सदस्यों से पूछा कि उनकी रूचि किस–किस तरह के छोटे–छोटे व्यावयायिक कार्यों में हैं, साथ ही उनकी शैक्षिक योग्यता इत्यादि की जानकारी लेते हुए सेवायोजन अधिकारियों को निर्देश दिये।



कौशल विकास एवं स्वरोजगार प्रोत्साहन की अन्य (किन्नरों) के साथ बैठक लेते जिलाधिकारी।

किन्नर समुदाय के लोगों से उनकी शैक्षिक योग्यता, उम्र, इच्छुक व्यवसाय इत्यादि का सम्पूर्ण विवरण प्राप्त करते एक सूची तैयार करें तथा उसी तरह के उनको स्किल्ड प्रशिक्षण देने पर भी होमवर्क करें। उन्होंने कहा कि इनको इनके रूचि वाले क्षेत्र जैसे ब्यूटीशियन, फैशन आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा व्यवसाय चलाने हेतु लोनिंग–मार्केटिंग इत्यादि उपलब्ध करवाने में भी मदद की जायेगी।

किन्नर समुदाय के लोगों ने भी अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस समुदाय में भी अनेक लोग अच्छे एजुकेटेड हैं किन्तु उचित मंच ना मिल पाने के चलते ही समाज में अपना सार्थक योगदान नहीं दे पा रहे हैं, अब इस तरह के प्रशिक्षण व स्वरोजगार कार्यक्रम से वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे तथा समाज की मुख्यधारा से भी जुड़ सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगो को स्वरोजगार की सफलता की कहानी से भी प्रेरित करें और ग्राम प्रधानों का भी इसमें यथा संभव सहयोग लें।

इस अवसर पर बैठक मुख्य विकास अधिकारी जी.एस रावत, उप निदेशक व उप परियोजना समन्वयक उत्तराखण्ड कौशल विकास चन्द्रकान्ता, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीन गोस्वामी, क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी ममता चौहान, वैयक्तिक सहायक मैडम रजनी रावत, मिनल गावस्कर सहित बड़ी संख्या में अन्य समुदाय के लोग व सेवायोजन विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

### अनधिकृत नशायुक्त सामग्री को जब्त करने व जुर्माना लगाने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तर पर गठित तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की नशामुक्ति समिति की बैठक जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ अर्चना उनियाल द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से कोटपा अधिनियम 2003 की धाराओं के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर उल्लंघन करने पर किए गए चालान और टीम द्वारा की गई कार्रवाई के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में तथा विद्यालय में किए गए प्रचार– प्रसार और आगामी प्रशिक्षण और आगामी किए जाने वाले प्रयासों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद प्रकोष्ठ से जुड़े चिकित्सा, पुलिस, नारकोटिक्स, आबकारी, खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय क्राइम ब्यूरो (एनसीबी) इत्यादि विभागों को सम्मिलित रूप से जनपद में स्थित खाद्य, किराना, मेडिकल स्टोर, रेस्टोरेंट, पान मसाला की दुकानों ढाबों–हुक्काबार इत्यादि सभी जगह लगातार औचक निरीक्षण करते हुए तंबाकू तथा किसी प्रकार की अनधिकृत नशायुक्त सामग्री को जब्त करते हुए जुर्माना तथा संगत धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस की 'भारत बचाओ-संविधान बचाओ' पदयात्रा 11 बजे शुरु होगी

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 28 दिसम्बर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में प्रातः 1100 बजे प्रदेश कार्यालय में एकत्र होकर गांधी पार्क घण्टाघर पल्टन बाजार राजा रोड़ से गांधी रोड़ होते हुए पुनः प्रदेश कांग्रेस कार्यालय 21 राजपुर रोड़ प्रांगण तक ''भारत बचाओ–संविधान बचाओ'' पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। इस हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसजनों को व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि ''भारत बचाओ–संविधान बचाओ'' पद यात्रा कार्यक्रम में प्रदेशभर से वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे।

## कांग्रेस की रैली 'कांग्रेस बचाओ, राहुल लाओ रैली है': भाजपा

**आरोप**

■कांग्रेस ने संविधान के साथ भरपूर खिलवाड़ किया

देहरादून। **संवाददाता**

भाजपा ने कांग्रेस की 'संविधान बचाओ देश बचाओ' रैली को 'कांग्रेस बचाओ , राहुल लाओ'रैली का नाम देते हुए कहा कि संविधान के साथ बार बार खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस जब संविधान बचाओ का नारा देती है तो हैरानी भी होती है और हँसी भी आती है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ देवेंद्र भसीन ने कांग्रेस की 28 दिसम्बर की रैली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस ने विभाजन से लेकर 70 साल तक देश का जो नुकसान किया है उसे देखते हुए देश की कांग्रेस से रक्षा करने की आवश्यकता है। कांग्रेस ने संविधान के साथ भरपूर खिलवाड़ किया। आपात काल हो या निर्वाचित पूर्ण बहुमत की विपक्षी सरकारों को गिराने का सवाल हो अथवा वोट बैंक की खघतिर अनावश्यक संविधान संशोधन के मामले हो कांग्रेस के हाथ संविधान के साथ खिलवाड़ के अपराधों से रंगे हैं। यह बात अब जनता पूरी तरह समझ चुकी है और कांग्रेस उत्तराखंड सहित पूरे देश में रसातल की ओर जा रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अंदर भी गृहयुद्ध की स्थिति है और गांधी परिवार का दबदबा भी कम होता जा रहा है। राहुल गांधी भी लगभग किनारे पर हैं। डॉ भसीन ने कहा कि इन सब कारणों से कांग्रेस द्वारा अपने स्थापना दिवस 28 दिसम्बर को जो 'संविधान बचाओ, देश बचाओ'रैली निकाली जा रही है वह मूलतः 'कांग्रेस बचाओ ,राहुल लाओ 'रैली है। लेकिन देश की जनता सब समझती है और इस रैली से कांग्रेस बचने वाली नहीं है। हाल ही में कांग्रेस ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर जनता, विशेष तौर पर एक समुदाय विशेष में भय का वातावरण बनाया और जिस कारण देश में कई स्थानों पर हिंसक घटनाएँ हुई उससे कांग्रेस की बदनियती और खुल कर सामने आई है।

### सीएए को लेकर भाजपा लेगी मंत्री और विधायकों की बैठक

देहरादून। देशभर में नागरिकता संशोधन कानून यानि सीएए को लेकर विपक्षी दलों के विरोध के बीच बीजेपी अब इस कानून के समर्थन में जनता के बीच जा रही है। लेकिन इससे पहले पार्टी होमवर्क कर रही है। होमवर्क यानी कि अपने मंत्रियों विधायकों को इस कानून के बारे में अच्छी तरह समझाया जा रहा है ताकि जब वह इस पर बात करें तो गच्चा न खा जाएं।

**आभार जताया: संवाददाता** देहरादून। पहली बार संसद पहुंचे उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट को सर्वश्रेष्ठ सांसद चुना गया है। जिसपर उन्होंने जनता का आभार जताया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।